भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या **4347**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024/29 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**नैनो यूरिया की उत्पादन क्षमता**

**4347. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नैनो यूरिया को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 में अधिसूचित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने नैनो यूरिया की प्रभावोत्पादकता के संबंध में कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में देश में नैनो यूरिया उर्वरक की मांग सहित उत्पादन क्षमता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का उक्त उर्वरक की उत्पादन क्षमता और बढ़ाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क) और (ख):** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) संस्थानों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) द्वारा किए गए बहु-स्थानिक जैव-प्रभावोत्पादकता परीक्षणों और जैव-सुरक्षा परीक्षण परिणामों के आधार पर, कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) ने उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 में नैनो यूरिया को नैनो नाइट्रोजन उर्वरकों के रूप में अनंतिम रूप से अधिसूचित किया था। नैनो यूरिया के ये प्रायोगिक परीक्षण विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों में धान, गेहूं, सरसों, मक्का, टमाटर, पत्ता गोभी, खीरा, शिमला मिर्च और प्याज जैसी विभिन्न फसलों पर किए गए थे।

अध्ययन से पता चला कि नाइट्रोजन की अनुशंसित आधारिक खुराक के साथ टॉप-ड्रेसिंग के रूप में नैनो यूरिया के दो छिड़काव से प्राप्त उपज नाइट्रोजन की पूर्ण अनुशंसित खुराक के साथ प्राप्त उपज के बराबर थी जिसमें विभिन्न फसलों में 3-8% तक का उपज लाभ हुआ और 25-50% तक यूरिया की बचत हुई।

**(ग):** आज की स्थिति के अनुसार 6 नैनो यूरिया संयंत्र चालू किए गए हैं। इनका विवरण निम्नानुसार है:-

| **क्र.सं.** | **स्थान** | **प्रत्येक 500 मिलीलीटर की करोड़ बोतलों में क्षमता वृद्धि** | **उत्पादन प्रारंभ** |
|---|---|---|---|
| 1 | इफको कलोल गुजरात | 5.0 | अगस्त 2021 |
| 2 | इफको फूलपुर | 6.0 | जनवरी 2023 |
| 3 | इफको आंवला | 6.0 | जनवरी 2023 |
| 4 | रे नैनो विज्ञान और अनुसंधान केंद्र | 4.50 | दिसंबर 2023 |
| 5 | मेघमणि क्रॉप न्यूट्रिशन लिमिटेड | 5 | फ़रवरी 2024 |
| 6 | जुआरी फार्म हब लिमिटेड बठिंडा | 0.12 | जून 2024 |
| 7 | सीआईएल, काकीनाडा | 0.60 | सितंबर 2024 |
| **कुल** | | **प्रति वर्ष 27.22 करोड़ बोतलें** | |

इसके अलावा, वर्तमान में देश में नैनो यूरिया उर्वरक की मांग से संबंधित ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**(घ):** उर्वरक विभाग देश में नैनो यूरिया का उत्पादन बढ़ाने की दृष्टि से नैनो यूरिया संयंत्र स्थापित करने के लिए उर्वरक कंपनियों को प्रोत्साहित कर रहा है।

*****

अनुलग्नक

**दिनांक 20.12.2024 को दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं.4347 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुलग्नक**

| | रबी 2024-25 के लिए उर्वरकों की आकलित आवश्यकता | |
|---|---|---|
| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | नैनो यूरिया (बोतलों की संख्या लाख में) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 8.68 |
| 2 | तेलंगाना | 3.47 |
| 3 | कर्नाटक | 17.35 |
| 4 | केरल | 0.23 |
| 5 | तमिलनाडु | 12.49 |
| 6 | पुदुचेरी | 0.02 |
| 7 | अंडमान और निकोबार | 0 |
| 8 | गुजरात | 0 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 12.54 |
| 10 | छत्तीसगढ | 6.94 |
| 11 | महाराष्ट्र | 34.7 |
| 12 | राजस्थान | 15.01 |
| 13 | गोवा | 0.01 |
| 14 | दमन और दीव | 0 |
| 15 | दादर एवं नगर हवेली | 0 |
| 16 | हरियाणा | 17.35 |
| 17 | पंजाब | 20.82 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 43.38 |
| 19 | उत्तराखंड | 2.6 |
| 20 | हिमाचल प्रदेश | 1.74 |
| 21 | जम्मू और कश्मीर | 0.87 |
| 22 | दिल्ली | 0.03 |
| 23 | चंडीगढ़ | 0 |
| 24 | बिहार | 8.68 |
| 25 | झारखंड | 4.34 |
| 26 | ओडिशा | 9.37 |
| 27 | पश्चिम बंगाल | 5.21 |
| 28 | असम | 9.2 |
| 29 | त्रिपुरा | 0.14 |
| 30 | मणिपुर | 0 |
| 31 | मेघालय | 0 |
| 32 | नगालैंड | 0 |
| 33 | अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| 34 | मिजोरम | 0.87 |
| 35 | सिक्किम | 0 |
| | **संपूर्ण भारत रबी 24-25** | **236** |